

जालंधर, बुधवार 15 मई 2024

JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात

+91 97814 00247

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com


**सुविचार**

इंसान की आदत है नहीं मिले तो सब्र नहीं करता
और मिल जाएं तो कद्र नहीं करता

# चरणजीत सिंह चन्नी को पुंछ हमले पर दिया बयान पड़ेगा भारी, एक्शन की तैयारी में EC



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के पूर्व सीएम और जालंधर से कांग्रेस के उम्मीदवार चरणजीत सिंह चन्नी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. पुंछ हमले पर दिया गया बयान उनके लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर सकता जिसको लेकर उन पर कार्रवाई भी हो सकती है.

चन्नी के बयान को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना था. अब इसे लेकर पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने देश के चुनाव आयोग को लेटर भेजा है.


पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी ने पुंछ आतंकी हमले पर दिए गए बयान को चुनावी स्टंट बताया था और कहा था कि ये बयान चुनाव आचार संहिता की उल्लंघन है. सिबिन सी का कहना है कि सोमवार को उन्होंने भारत के चुनाव आयोग को पत्र लिखकर चन्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. ऐसे में अब ये चुनाव आयोग पर निर्भर करता है कि वह इस मामले पर क्या जवाब देता है.

**चन्नी का बयान आचार संहिता का उल्लंघन :** पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी चन्नी ने जो कुछ भी कहा है वह पूरी तरह से अप्रमाणित और निराधार है. इसलिए उनका बयान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है. वहीं बीजेपी की पंजाब इकाई ने भी सीईओ पंजाब से इस मामले की शिकायत थी और चन्नी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी.

### पुंछ आतंकी हमले को बताया था चुनावी स्टंट

कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान जम्मू कश्मीर के पुंछ में हुई आतंकी वारदात को चुनावी स्टंट बताया था. भारतीय वायुसेना के काफिले पर हुए हमले पर उन्होंने कहा था कि जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, तो ऐसे स्टंट किए जाते हैं. उनके इस बयान पर सियासी पारा हाई हो गया था. जिससे कांग्रेस नेता बैकफुट पर आ गए थे. उनके बयान की तमाम राजनीतिक दलों ने निंदा की थी वहीं बीजेपी ने भी जमकर हमला बोला था. दरअसल 4 मई को जम्मू कश्मीर के पुंछ में भारतीय वायु सेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ था. इस हमले में सेना के एक जवान की मौत हो गई थी. जिसे चन्नी ने चुनाव से पहले बीजेपी की स्टंटबाजी बताया था. हालांकि चौतरफा घिरने और विवाद बढ़ने के बाद चन्नी ने सफाई भी दी थी. उन्होंने कहा था कि 2019 के पुलवामा हमले में सरकार यह पता लगाने में नाकाम रही थी यह हमला किसने करवाया था.

## 34000 करोड़ रुपये के DHFL बैंक फ्रॉड मामले में CBI का बड़ा ऐक्शन, पूर्व डायरेक्टर धीरज वधावन गिरफ्तार



**जालंधर( हिमांशु ) :** केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने मंगलवार को 34,000 करोड़ ष्ठ ।।स्न्नरु( दीवान हाउसिंग फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड) बैंक धोखाधड़ी जांच में बैंक के पूर्व डायरेक्टर धीरज वधावन को गिरफतार कर लिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने इस मामले में उनके खिलाफ 2022 में पहले ही आरोप पत्र दायर कर दिया था।

अधिकारी ने बताया कि वधावन को सोमवार शाम को मुंबई से हिरासत में लिया गया था और उन्हें मंगलवार को दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि वधावन को पहले एजेंसी ने 'यस बैंक' भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार किया था और वह जमानत पर थे। बता दें कि सीबीआई ने 17 बैंकों के संघ से 34,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में डीएचएफएल के खिलाफ मामला दर्ज किया था। यह देश में सबसे बड़ा बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी मामला है।

## 'दि व्हाइट' के होटल मैनेजर पर बदमाशो ने किया जानलेवा हमला, काट डाली अंगुलिया, हदबंदी को लेकर उलझी रही पुलिस




**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ) :** माडल टाऊन में माता रानी चौक के निकट स्थित 'दि व्हाइट' रेस्तरां का मेनेजर अमित निवासी गढ़ा बीती रात लगभग 11.30 बजे रेस्तरां से छुट्टी करके अपने घर जा रहा था कि माडल टाऊन में ही तीन चार बदमाशों ने उसे घेर लिया और तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में अमित के हाथ की अंगुली कट गई और सिर पर भी गहरे घाव हुए हैं। घायल मैनेजर अमित को गंभीर हालत में सिविल अस्पताल ले जाया गया और फिर हालत गंभीर होने के कारण एनएचएस अस्पताल शिफ्ट कर दिया गया। रेस्तरां मालिक के मुताबिक बदमाश अमित का मोबाइल छीन ले गए। देर रात तक कार्रवाई न होते देख उन्होंने 112 पर कॉल किया तो पुलिस कर्मचारी मौके पर तो आए, लेकिन दिन निकलने तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। हैरानी की बात यह है कि वारदात की सूचना दिए जाने के बाद भी कमिश्नरेट पुलिस सुबह तक हदबंदी को लेकर उलझी रही।

## अब तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी, दिल्ली पुलिस ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

**नई दिल्ली :** दिल्ली के स्कूलों, अस्पतालों को बम से उड़ाने का धमकी मिलने के बाद अब दिल्ली की तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी मंगलवार को ईमेल के माध्यम से दी गई है। तिहाड़ प्रशासन ने दिल्ली पुलिस को धमकी दिए जाने की जानकारी दी है। धमका मिलने के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। मौके पर पहुंच कर पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है। वहां आने जाने वाले लोगों पर कुछ घंटों के लिए रोक लगा दी गई है। तिहाड़ जेल के अंदर और बाहर चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। तिहाड़ जेल को मिले धमकी भरे ईमल में लिखा है कि मैंने आपकी बिल्डिंग के अंदर बम रखे हैं। ये सभी बम अगले कुछ घंटों में विस्फोट करेंगे। यह कोई मामूली धमकी नहीं है। आपके पास बम को निष्क्रिय करने के लिए कुछ घंटे हैं, नहीं तो बिल्डिंग (तिहाड़ जेल) के अंदर निर्दोष लोगों का खून आपके हाथों में होगा।


S.T HOSPITAL
& Test Tube Baby Centre



नि:संतानता अब लाइलाज नहीं
IVF से करें अपने परिवार को सम्पूर्ण

हम से बात करें।
99154-02525

Dr. Asheesh Kapoor
M.B.B.S, P.G.D.S. (USA)
Fertility & Sex Specialist

आपका दुःख जानते हैं हम, इसलिए आपके साथ हैं हर दम

Dr. Rimmi Mahajan
M.B.B.S, M.D. (Obs & Gynae)
Fellowship in Rep. Med. (Spain)

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।

Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)

Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# पंजाब पुलिस ने आतंकी मॉड्यूल का किया पर्दाफाश

# खालिस्तानी समर्थक भी गिरफ्तार



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने विदेश स्थित मास्टरमाइंड इकबाल प्रीत सिंह उर्फ बुच्ची के चलाए जा रहे आतंकवादी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है.

पुलिस ने मुख्य संचालक गुरविंदर सिंह उर्फ शेरा समेत इसके चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है. यह जानकारी डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने दी.

गिरफ्तार किये गए तीन अन्य गुर्गों की पहचान गुरप्रीत सिंह निवासी पटियाला, रणजीत सिंह उर्फ सोनू और जगजीत सिंह उर्फ जश्न दोनों निवासी पट्टी, तरनतारन के तौर पर हुई है. पुलिस ने इनके कब्जे से तीन पिस्तौल सहित 13 जीवित कारतूस बरामद करने के साथ-साथ उनकी कार भी जब्त की है.

डीजीपी के मुताबिक गुरविंदर शेरा ने खुलासा किया है कि इकबालप्रीत बुच्ची ने अपने गिरोह को फिर संगठित कर लिया था और सीमावर्ती जिलों में अमन-शांति को भंग करने के लिए पंजाब में वारदातों को अंजाम देने की योजना बना रहा था.

## तीन खालिस्तानी समर्थक भी गिरफ्तार

उधर पंजाब पुलिस ने बठिंडा और दिल्ली में तीन खालिस्तानी समर्थकों को भी गिरफ्तार किया है. काउन्टर इंटेलिजेंस (सीआइ) बठिंडा और जिला पुलिस बठिंडा को ज्वाइंट ऑपरेशन में ये सफलता मिली है. डीजीपी गौरव यादव ने बताया है कि गिरफ्तार किए गए लोगों को प्रतिबंधित खालिस्तान संगठन का संरक्षण हासिल था.

पंजाब पुलिस के मुताबिक पकड़े गए लोगों की पहचान गोगी सिंह निवासी गांव जीवन सिंह वाला, बठिंडा और जौनी निवासी गांव जिओण सिंह वाला, तलवंडी साबो के तौर पर हुई है, जबकि तीसरे शख्स की पहचान प्रितपाल सिंह निवासी गांव डोड, फरीदकोट के तौर पर हुई है. प्रितपाल को त्र20 के दौरान दिल्ली मेट्रो और बठिंडा थर्मल प्लांट पर खालिस्तानी भित्ती चित्र बनाने पर भी गिरफ्तार किया गया था. डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि गोगी सिंह खालिस्तानी संगठन के सरगना के सीधे संपर्क में था और उसके निर्देशों पर काम कर रहा था. उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने उनके पास से तीन मोबाइल फ़ोन, दो डौंगल, आधार कार्ड और एटीएम कार्ड भी बरामद किया है.

# देश के सबसे बड़े बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी मामले में DHFL के पूर्व निदेशक धीरज वधावन गिरफ्तार, CBI की कार्रवाई




**जालंधर ( नितिका ) :** सीबीआई ने डीएचएफएल के पूर्व निदेशक धीरज वधावन को 34,000 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वधावन को सोमवार शाम मुंबई से हिरासत में लिया गया और उसे मंगलवार को दिल्ली की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, अदालत ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में सीबीआई ने उनके खिलाफ 2022 में पहले ही आरोपपत्र दायर कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि वधावन को एजेंसी ने यस बैंक भ्रष्टाचार मामले में पहले गिरफ्तार किया था और वह जमानत पर थे।

सीबीआई ने 17 बैंकों के कंसोर्टियम से 34,000 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से संबंधित डीएचएफएल मामला दर्ज किया था। इसे देश का सबसे बड़ा बैंकिंग ऋण धोखाधड़ी का मामला माना जाता है।

वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
हमारे साथ जुड़ने के लिए व विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

# पंजाब के कुल वोटरों की अंतिम सूची जारी

**जालंधर( काजल विज ) :** पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने लोक सभा मतदान 2024 के लिए पंजाब के कुल वोटरों की अंतिम सूची जारी कर दी है। 1 जून, 2024 को पंजाब में पड़ने वाली वोटों के लिए कुल 2 करोड़ 14 लाख 61 हज़ार 739 (2 14, 61, 739) वोटर अपनी वोट का इस्तेमाल करेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि 4 मई पंजाब में नयी वोटें बनाने की अंतिम तारीख थी और 4 मई तक जमा करवाए गए फार्मों का निपटारा 14 मई तक किया जाना था। आज जारी की वोटर सूची अनुसार पंजाब में कुल वोटरों की संख्या 2 करोड़ 14 लाख 61 हज़ार 739 (2,14,61,739) है। इसमें 1 करोड़ 12 लाख 86 हज़ार 726 (1,12,86,726) पुरूष वोटर, 1 करोड़ 1 लाख 74 हज़ार 240 (1,01,74,240) महिला वोटर और 773 अन्य वोटर हैं। उन्होंने बताया कि 5 लाख 38 हज़ार 715 वोटर 18-19 साल ग्रुप से सम्बन्ध रखते हैं जोकि पहली बार वोट डालेंगे। इसी तरह 1 लाख 89 हज़ार 855 वोटर 85 साल से ज़्यादा उम्र के हैं। दिव्यांग वोटरों की संख्या 1 लाख 58 हज़ार 718 है। सिबिन सी ने बताया कि 13 लोक सभा सीटों के लिए कुल 24,451 पोलिंग स्टेशन होंगे, जिनमें से 16,517 गाँवों में और 7934 शहरों में बनाऐ गए हैं। पंजाब में 100 प्रतिशत फोटो पहचान पत्र बनाऐ गए हैं।



उन्होंने कहा कि पोलिंग बूथों पर वोटरों की सुविधा के लिए सभी बंदोबस्त करने के लिए डिप्टी कमिशनर- कम- ज़िला निर्वाचन अधिकारियों की टीम पूरी लगन के साथ लगी हुई है। उन्होंने अपील की कि %इस बार 70 पार% के लक्ष्य की पूर्ति के लिए वोटर बढ़-चढ़ कर वोट डालें।

लोक सभा हलका गुरदासपुर में कुल 16 लाख 5 हज़ार 204 वोटर हैं जिनमें 8 लाख 48 हज़ार 855 पुरूष वोटर, 7 लाख 56 हज़ार 283 महिला वोटर और 36 ट्रांसजैंडर वोटर हैं। अमृतसर में 16 लाख 11 हज़ार 263 कुल वोटर हैं जिनमें 8 लाख 45 हज़ार 434 पुरूष वोटर, 7 लाख 65 हज़ार 766 महिला वोटर और 63 ट्रांसजैंडर वोटर हैं।

खडूर साहिब में 16 लाख 67 हज़ार 797 कुल वोटर हैं जिनमें 8 लाख 76 हज़ार 281 पुरूष वोटर, 7 लाख 91 हज़ार 449 महिला वोटर और 67 ट्रांसजैंडर वोटर हैं। जालंधर में 16 लाख 54 हज़ार 3 कुल वोटर हैं जिनमें 8 लाख 59 हज़ार 687 पुरूष वोटर, 7 लाख 94 हज़ार 272 महिला वोटर और 44 ट्रांसजैंडर वोटर हैं।

इसी तरह होशियारपुर में 16 लाख 1826 कुल वोटर हैं जिनमें 8 लाख 30 हज़ार 840 पुरूष वोटर, 7 लाख 70 हज़ार 942 महिला वोटर हैं और 44 ट्रांसजैंडर वोटर हैं। आनंदपुर साहिब में 17 लाख 32 हज़ार 211 कुल वोटर हैं जिनमें 9 लाख 4 हज़ार 50 पुरूष वोटर, 8 लाख 28 हज़ार 97 महिला वोटर और 64 ट्रांसजैंडर वोटर हैं।

लुधियाना में 17 लाख 58 हज़ार 614 कुल वोटर हैं जिनमें 9 लाख 37 हज़ार 94 पुरूष वोटर, 8 लाख 21 हज़ार 386 महिला वोटर हैं और 134 ट्रांसजैंडर वोटर हैं। फतेहगढ़ साहिब में 15 लाख 52 हज़ार 567 कुल वोटर हैं जिनमें 8 लाख 23 हज़ार 339 पुरूष वोटर, 7 लाख 29 हज़ार 196 महिला वोटर और 32 ट्रांसजैंडर वोटर हैं।

उधर फरीदकोट में 15 लाख 94 हज़ार 33 कुल वोटर हैं जिनमें 8 लाख 42 हज़ार 184 पुरूष वोटर, 7 लाख 51 हज़ार 768 महिला वोटर और 81 ट्रांसजैंडर वोटर हैं। फ़िरोज़पुर में 16 लाख 70 हज़ार 8 कुल वोटर हैं जिनमें 8 लाख 80 हज़ार 617 पुरूष वोटर, 7 लाख 89 हज़ार 343 महिला वोटर और 48 ट्रांसजैंडर वोटर हैं।

बठिंडा में 16 लाख 51 हज़ार 188 कुल वोटर हैं जिनमें 8 लाख 70 हज़ार 14 पुरूष वोटर, 7 लाख 81 हज़ार 140 महिला वोटर और 34 ट्रांसजैंडर वोटर हैं। संगरूर में 15 लाख 56 हज़ार 601 कुल वोटर हैं जिनमें 8 लाख 24 हज़ार 1 पुरूष वोटर, 7 लाख 32 हज़ार 554 महिला वोटर और 46 ट्रांसजैंडर वोटर हैं। पटियाला में कुल 18 लाख 6 हज़ार 424 वोटर हैं जिनमें 9 लाख 44 हज़ार 300 पुरूष वोटर, 8 लाख 62 हज़ार 44 महिला वोटर और 80 ट्रांसजैंडर वोटर हैं।

सिबिन सी ने बताया कि 13 लोक सभा सीटों के लिए कुल 24,451 पोलिंग स्टेशन होंगे। गुरदासपुर में 1895, अमृतसर 1684, खडूर साहिब 1974, जालंधर 1951, होशियारपुर 1963, आनन्दपुर साहिब 2068, लुधियाना 1843, फतेहगढ़ साहिब 1821, फरीदकोट 1688, फ़िरोज़पुर 1903, बठिंडा 1814, संगरूर 1765 और पटियाला में 2082 पोलिंग स्टेशन बनाऐ जाएंगे।




# पंजाब पुलिस ने बठिंडा और दिल्ली में खालिस्तान पक्षीय नारे लिखने वाले ऐसएैफजे के तीन गुर्गों को किया काबू

**जालंधर ( जसवीर ) :** काउन्टर इंटेलिजेंस (सीआइ) बठिंडा और ज़िला पुलिस बठिंडा ने सांझे आपरेशन के दौरान सिखस फार जस्टिस (ऐसऐफजे) के तीन गुर्गों को पंजाब में बठिंडा और दिल्ली की अलग-अलग सार्वजनिक स्थानों पर खालिस्तान पक्षीय नारे लिखने के दोष अधीन गिरफ़्तार किया है।

यह जानकारी आज यहाँ डायरैक्टर जनरल आफ़ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। बताने योग्य है कि न्यूयार्क आधारित ऐसऐफजे- जो मास्टर माइंड गुरपतवंत सिंह पन्नू की हिमायत प्राप्त है- को भारत सरकार द्वारा ग़ैर-कानूनी संगठन के तौर पर मनोनीत किया गया है। हाल ही में 24 अप्रैल को बठिंडा के ज़िला प्रशासनिक कंपलैक्स और कोर्ट कंपलैक्स की दीवारों पर खालिस्तान पक्षीय नारे लिखे हुए पाये गए थे, जिससे कुछ दिनों बाद 9 मई को दिल्ली के झंडेवाल मेट्रो स्टेशन और करोल बाग़ मेट्रो स्टेशन पर भी ऐसे ही नारे लिखे हुए पाये गए थे। गिरफ़्तार किये गए मुलजिमों की पहचान गोगी सिंह निवासी गाँव जीवन सिंह वाला, बठिंडा और जौनी निवासी गाँव जिओण सिंह वाला, तलवंडी साबो के तौर पर हुई है, जबकि तीसरा मुलजिम जिसकी पहचान पहचान प्रितपाल सिंह निवासी गाँव डोड, फरीदकोट के तौर पर हुई है, को बठिंडा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया गया है। प्रितपाल को जी- 20 के दौरान दिल्ली मेट्रो और बठिंडा थर्मल प्लांट पर गरैफिटी लिखने के दोष में भी गिरफ़्तार किया गया था।डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि गोगी सिंह, जोकि ऐसऐफजे का मुख्य संचालक है, गुरपतवंत सिंह पन्नू के सीधे संपर्क में था और उसने पन्नू के निर्देशों पर पैसों के बदले इस कार्यवाही को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि मुलजिम ने दीवारों पर लिखे नारों की फोटों/ वीडियो भी पन्नू के साथ सांझा की थीं। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस टीमों ने उसके पास से तीन मोबाइल फ़ोन, दो डौंगल, आधार कार्ड और एटीएम कार्ड भी बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इस मामले को सुलझाने के लिए, काउन्टर इंटेलिजेंस बठिंडा और बठिंडा पुलिस ने सांझे तौर पर पेशेवर और वैज्ञानिक ढंग से जांच की।एसएसपी बठिंडा दीपक पारिक ने बताया कि तकनीकी ढंग के साथ कार्यवाही करते हुये बठिंडा पुलिस ने मुलजिम जौनी को पकड़ने में कामयाबी हासिल की।इसके उपरांत जौनी ने खुलासा किया कि बठिंडा में अलग-अलग स्थानों पर नारे लिखने की कोशिश के समय वह गोगी के साथ थी।उन्होंने बताया कि मुलजिम जौनी के खुलासे के बाद बठिंडा पुलिस और सीआइ बठिंडा ने विशेष मुहिम चला कर गोगी सिंह को गिरफ़्तार कर लिया।




इस सम्बन्धी और जानकारी देते हुये एआईजी सीआइ बठिंडा अवनीत कौर सिद्धू ने बताया कि आबकारी एक्ट के अंतर्गत बठिंडा पुलिस द्वारा गिरफ़्तार किये मुलजिम गोगी की बठिंडा जेल में प्रितपाल सिंह के साथ मुलाकात हुई थी और जेल से बाहर आने के उपरांत वह उसके संपर्क में रहा। उन्होंने बताया कि मुलजिम प्रितपाल ने गोगी की जान-पहचान गुरपतवंत सिंह पन्नू के साथ करवाई, जिसने गोगी को खालिस्तान पक्षीय नारे लिखने का काम सौंपा और उसको मुक्तसर कोटकपूरा रोड पर छिपाए गये 50000 रुपए लेने के लिए कहा।

इस सम्बन्धी एफआईआर नं. 55 तारीख़ 27/ 4/ 24 को थाना सिवल लाईन बठिंडा में भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 153 बी के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

# जबरन उठा ले गए, 15 लाख मांगे, नहीं दिए तो ड्रग केस में फंसा दिया

## राजस्थान में पंजाब के 12 पुलिस जवानों पर FIR



**जालंधर ( काजल विज ) :** राजस्थान में पंजाब पुलिस के 12 जवानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। केस जोधपुर के झंवर पुलिस स्टेशन में कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ है। आरोपियों की पहचान लुधियाना पुलिस थाना डिवीजन 6 के इंद्रजीत, ASI सुबेग सिंह, कॉन्स्टेबल मनजिंदर सिंह, गुरपिंदर सिंह, सुखदीप सिंह, बसंतलाल, धनवंत सिंह, हरप्रित सिंह, सतनाम सिंह, थाने के मुख्य आरक्षक, ASI राजकुमार और एक अन्य के रूप में हुई है।

झंवर थानाधिकारी मूलाराम ने मामले की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि 7 दिन पहले लुधियाना के हेमनगर जोलियाली निवासी प्रेमाराम ने जोधपुर कोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि उक्त पुलिस जवान उनके बेटे मनवीर विश्नोई (22) को जोधपुर से उठाकर ले गए और घर फोन करके उसे छोड़ने के बदले 15 लाख रुपये मांगे। नहीं दिए तो उन्होंने मनवीर के खिलाफ ड्रग स्मगलिंग का केस दर्ज कर दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस करके मीडिया को भी बताया। मनवीर उनकी गिरफ्त में ही है।

### बहन-पिता को फोन करके 15 लाख मांगे, ट्रांसफर करने को कहा

पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रेमाराम ने कोर्ट को बताया कि घटना 6 मार्च की है। उनकी बेटा मनवरी 3 साल से जयपुर में रह रहा है और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। मार्च में वह घर आया था और 6 मार्च को जोधपुर जाने के लिए निकला था, लेकिन उसके बाद वह आज तक वापस नहीं लौटा। उसकी फोन भी बंद है। 8 मार्च को उसकी गुमशुदगी की शिकायत लुधियाना पुलिस थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने नंबर ट्रेस किया तो आखिरी लोकेशन बीकानेर की मिली।

8 मार्च को ही मनवीर की बहन को फोन आया। कॉल करने वाले ने मनवीर को छोड़ने के बदले 15 लाख रुपये मांगे। एक नंबर पर पैसे ट्रांसफर करने को कहा। प्रेमाराम को भी फोन करके 15 लाख देने को कहा गया। नहीं देने पर मनवीर को नुकसान पहुंचाने और झूठे केस में फंसने की धमकी दी। लुधियाना पुलिस कर्मियों का नंबर भी बंद आया तो जोधपुर के झंवर पुलिस स्टेशन में कॉल करके मनवीर के बारे में बताकर प्राथमिकी दर्ज कराई।

### CCTV फुटेज में इनोवा में मनवीर को ले जाते दिखे पुलिस वाले

प्रेमाराम ने बताया कि अगले दिन 9 मार्च को लुधियाना पुलिस का प्रेस नोट मिला। इसमें मनवीर को 2 किलो अफीम के साथ पकड़ने का दावा किया गया। लिखा था कि मनवीर फीस भरने के लिए नशा तस्करी करता था। 8 मार्च को वह लुधियाना में बस स्टैंड पर अफीम की सप्लाई करने के लिए खड़ा था। उसके बैग से 2 किलो अफीम मिली है। इसके बाद प्रेमाराम ने पुलिस कार्रवाई नहीं होने से निराश होकर खुद सबूत खंगालने शुरू किए।

उन्होंने पंजाब से जोधपुर जाने वाला रास्ता पकड़ा और रास्ते में पड़ने वाले टोल प्लाजा पर लगे CCTV टोल कर्मियों से रिक्वेस्ट करके खंगाले। इस दौरान जोधपुर से बीकानेर जाने वाले टोल से मिली फुटेज में देखा की पंजाब की लुधियाना पुलिस एक इनोवा कार में मनवीर को ले जा रही थी। यह फुटेज 7 मार्च की थे। इसमें वे पुलिस कर्मी भी थे, जो उस फोटो में थे, जो पुलिस की ओर से प्रेस नोट के साथ जारी की गई थी। 2 महीने चक्कर काटने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई तो इस फुटेज के साथ उन्होंने कोर्ट को लिखित शिकायत दी।



# नए विवाद में फंसे CM चन्नी, अकाली नेता जागीर कौर की ठुडी छूने पर महिला आयोग सख्त, डीजीपी को नोटिस


**जालंधर ( काजल विज ) :** पंजाब राज्य महिला आयोग ने सोमवार को उस वीडियो क्लिप की जांच की मांग की जिसमें कथित तौर पर कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी पूर्व एसजीपीसी अध्यक्ष जागीर कौर की ठुड्डी को छूते दिखाई देते हैं।


सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो क्लिप पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने पंजाब के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर इस संबंध में 14 मई तक स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। आयोग ने यह भी लिखा कि कौर पूर्व कैबिनेट मंत्री और शीर्ष गुरुद्वारा निकाय शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की पूर्व प्रमुख हैं। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी शुक्रवार को जालंधर में नामांकन पत्र दाखिल करते समय कौर से मिले थे। कौर शिअद उम्मीदवार मोहिंदर सिंह केपी के साथ थीं।

वीडियो में चन्नी को कथित तौर पर उनके हाथ पकड़ते और झुकते देखा जा सकता है। फिर दोनों मजाक करते दिखते हैं और इसी दौरान चन्नी अपने हाथ से कौर की ठुड्डी को कथित तौर पर छूते दिखाई देते हैं। इस दौरान दोनों नेता और उनके समर्थक जोर-जोर से हंसते नजर आते हैं। चन्नी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी वीडियो को सोशल मीडिया पर मीम्स के तौर पर साझा कर रहे हैं। इस बीच, चन्नी ने कहा कि कौर उनकी बड़ी बहन और मां जैसी हैं तथा जब वह उनसे मिले तो उनके सामने अपना सिर झुकाया। वहीं, कौर ने एक फेसबुक पोस्ट में घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चन्नी ने सम्मान के साथ उनका हाथ पकड़ा और सिर झुकाया। उन्होंने सम्मानजनक तरीके से उनकी ठुड्डी को छुआ था।

कौर ने कहा कि सोशल मीडिया के साथ-साथ कई टेलीविजन चैनलों ने वीडियो का एक निश्चित हिस्सा हटा दिया, जिसमें चन्नी उनके सामने झुकते दिखते हैं, लेकिन बाकी हिस्सा प्रसारित कर दिया। उन्होंने इसे शरारत से भरा बताया और कहा कि यह उनके, उनके परिवार तथा शुभचिंतकों के लिए दुखद है। फिल्लौर से विधायक विक्रमजीत सिंह चौधरी ने चन्नी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दावा किया कि एक सिख महिला के प्रति पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री का व्यवहार अपमानजनक लगता है।

# दसवीं के छात्र शूटर विजयवीर सिद्धू का पेरिस ओलिंपिक टिकट कंफर्म, इन तीन निशांचियों के ट्रायल बाकी





**जालंधर (नितिका) :** डीएवी कॉलेज दसवीं में पढ़ने वाले विजयवीर सिद्धू ने पेरिस ओलिंपिक के लिए अपना टिकट कंफर्म कर लिया है। भोपाल में आयोजित ओलिंपिक चयन ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजयवीर ने पेरिस ओलिंपिक में हिस्सा लेने वाले शूटिंग दल में अपनी जगह सुनिश्चित की। विजयवीर 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल में हिस्सा लेते हैं। वह इससे पहले कई बड़े शूटिंग टूर्नामेंट्स में देश के लिए मेडल जीत चुके हैं।

डीएवी कॉलेज-10 के प्रो अमनिंदर मान ने बताया कि मनु भाकर और विजयवीर सिद्धू ने अपना पेरिस टिकट कंफर्म करवा लिया है, जबकि कॉलेज के तीन शूटर के ट्रायल अभी बाकी हैं।

इनमें सरबजोत सिंह, पलक और सुरभि राव 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में ट्रायल देंगे। यह सब बेहतरीन निशानेबाज हैं और उम्मीद है कि यह भी अपना पेरिस ओलिंपिक का टिकट कंफर्म करेंगे।

## 24 मीटर पिस्टल स्पर्धा में हासिल की जीत

इससे पहले मंगलवार को टोक्यो ओलंपियन मनु भाकर और पेरिस कोटा धारक विजयवीर सिद्धू ने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे और अंतिम ओलिंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) को जीता।

मनु ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में 42 के स्कोर के साथ विश्व-रिकॉर्ड की बराबरी की, जबकि विजयवीर ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल (आरएफपी) ओएसटी टी4 के निर्णायक में 34 का स्कोर बनाया और विजयी हुए। मनु ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने दो ओलिंपिक चयन ट्रायल में जीत हासिल की और अन्य दो में दूसरे स्थान पर रहीं। चयनित पांच में से वह एकमात्र निशानेबाज थीं, जो क्वालिफिकेशन राउंड में एक बार भी 580 से नीचे नहीं गईं। अभिदन्या पाटिल (35) दूसरे स्थान पर रहीं जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ (30) ने अंतिम उपलब्ध पोडियम प्वाइंट हासिल किया। ईशा सिंह और रिदम सांगवान क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों के आरएफपी फाइनल में, विजयवीर ने दूसरी पांच-शाट श्रृंखला के बाद बढ़त ली और आठवीं और अंतिम श्रृंखला तक कायम रहकर ट्रायल में अपनी पहली स्पष्ट जीत दर्ज की। अनीश 30 के साथ दूसरे जबकि आदर्श सिंह 25 के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

## अंकुर गोयल और भावेश शेखावत ने मामूली स्थान किया हासिल


अंकुर गोयल (20) और भावेश शेखावत (18) ने मामूली स्थान हासिल किया। अनीश इस स्पर्धा में पांचों में से सबसे सफल रहे, उन्होंने दो ट्रायल जीते और अन्य दो में दूसरे स्थान पर रहे। भावेश शेखावत ने दूसरा ट्रायल जीता था। दूसरी ओर विजयवीर इससे पहले के तीन ट्रायल में दो बार दूसरे स्थान पर आए थे। बुधवार को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी पुरुषों और महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा के क्वालीफिकेशन राउंड खेले जाएंगे, जिसमें स्थानीय उम्मीद शहर से जुड़ी निशानेबाज सिफर कौर समरा हिस्सा लेंगी।

# पंजाब में नया खेल : चरणजीत चन्नी के करीबी जगमोहन की हुई कांग्रेस में वापसी, AAP को लगा बड़ा झटका

**जालंधर (हिमांशु) :** कांग्रेस पार्टी ने पंजाब में 2022 के विधानसभा चुनाव में जगमोहन सिंह कंग को टिकट नहीं दिया था। इससे नाराज हुए पूर्व मंत्री रहे जगमोहन सिंह कंग आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए थे। लेकिन अब फिर उन्होंने कांग्रेस में वापसी कर ली है। पंजाब के पूर्व सीएम रहे चरणजीत चन्नी के करीबी माने जाने वाले जगमोहन सिंह कंग की लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस में वापसी को अरविंद केजरीवाल की आप के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

खरड़ से विधायक रह चुके कंग साल 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह की सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। जब 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने खरड़ से कंग का टिकट काटते हुए विजय शर्मा टिंकू को उम्मीदवार बनाया था तब कंग ने इसका आरोप चन्नी पर लगाया था। उन्होंने कहा था कि चन्नी ने कांग्रेस हाईकमान को गुमराह करके टिकट कैंसिल करवाया था।

हालांकि, अब वह एक बार फिर से कांग्रेस के खेमे में लौट आए हैं। वीडियो में जानिए जगमोहन कंग की वापसी से राज्य के सियासी समीकरण कैसे हो सकते हैं।



# पंजाब नारकोटिक्स टीम की हिमाचल में छापामारी, बायोजेनेटिक ड्रग कंपनी से 1.98 करोड़ एल्प्राजोलम की गोलीयां सीज

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** नशा सौदागरों की जड़ें तलाशनें हिमाचल के बद्दी पहुंची पंजाब की नारकोटिक्स व एसटीएफ टीम की छापेमारी पूरी हो चुकी है। सोमवार को 33 घंटे फैक्ट्री में जांच के बाद टीम वापस पंजाब लौट गई है। टीम ने लगातार एक ही मालिक के सहयोगी उद्योग बायोजेनेटिक्स ड्रग लिमिटेड से 1.98 करोड़ एल्प्राजोलम की गोलियों को सीज किया है। इसके साथ ही 40 किलो एल्प्राजोलम पाउडर भी जब्त कर लिया गया है, जिससे लगभग आठ करोड़ गोलियां बनाई जानी थी। पंजाब की टीम ने खुलासा किया है कि बायोजेनेटिक्स ड्रग उद्योग ने विगत मई माह से अब तक लगभग 60 करोड़ एल्प्राजोलम की गोलियां तैयार की हैं और देश के कोने कोने में भेजी हैं। जांच ने यह भी सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर इन दवाओं की इतनी खपत कहां की जा रही है। बता दें कि पंजाब की टीम मोहाली में दर्ज एनडी एंड पीएस एक्ट के तहत दर्ज मामले के तार जोड़ते हुए हिमाचल पहुंची थी और अब नारकोटिक्स की टीम ने बद्दी के दो उद्योगों से नशीली दवाओं की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता मिली है।

**दवा एजेंसियों के नाम पर चल रहे कार बाजार :** नारकोटिक्स की टीम ने जांच में पाया कि बद्दी के स्माइलैक्स समूह में निर्मित दवाओं को देशभर में सप्लाई करने के लिए छह कंपनियों के साथ समझौता किया है। इनमें से सहारनपुर स्थित श्रीश्याम कंपनी के कार्यालय पर जब दबिश दी गई तो वहां दवा एजेंसी के नाम पर कार बाजार चल रहा था, जबकि किसी भी तरह का कोई भी गोदाम या दवाएं वहां नहीं मिली। वहीं इसी तरह की एजेंसियां लखनऊ और कानपुर में भी दर्शायी गई हैं। उन स्थानों पर भी जल्द दबिश होगी।

**एसओपी को पूरी तरह से नकारा :** एनसीबी की जांच में यह भी पता चला है कि राज्य दवा नियंत्रक कार्यालय द्वारा नारकोटिक्स ड्रग को बेचने के लिए बनाई गई एसओपी की भी पूरी तरह अनदेखी की गई है। प्रतिबंधित या चिकित्सक की सलाह पर दी जाने वाली दवाओं को बनाने व बेचने के लिए नियमों में काफी सख्ती की गई है। दवा उत्पादन के दौरान एपीआई से लेकर ग्राहक को देने तक पूरा रिकार्ड उद्योग को रखना होता है।

इसके साथ ही जिस राज्य में या जिला में यह दवाई भेजी जाती है उस राज्य या जिला के ड्रग कंट्रोलर, ड्रग इंस्पेक्टर व पुलिस विभाग के अधिकारी को सूचित करना जरूरी होता है, ताकि इनके दुरुपयोग न हो सके। इसके साथ ही उद्योग से जब इस स्टॉक की कंसाइनमेंट किसी संबंधित एजेंसी को भेजी जाती है तो कंसाइनमेंट पहुंचने के बाद उपरोक्त एजेंसी उद्योग को वापस इसकी जानकारी लिखित में देती है। इस तरह के नियमों की अनुपालना उद्योग द्वारा नहीं की गई है।

# बठिंडा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, संगत मंडी में गोली मारकर हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**जालंधर (संदीप मान) :** संगत मंडी में गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में नामजद चार आरोपितों में से दो आरोपितों को बठिंडा पुलिस ने घटना के 24 घंट के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार चल रहे आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

पुलिस का दावा है कि जल्द ही उक्त आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार इस मामले में नामजद आरोपित गोबिंद पर 12 के करीब अपराधिक मामले दर्ज है, जबकि उसका मृतक व्यक्ति के दोस्त के साथ झगड़ा था।

आरोपियों ने गोली मारकर की थी हत्या

एसएसपी दीपक पारिक ने मंगलवार को बताया कि बीती सोमवार को कुछ हथियारबंद लोगों ने गांव संगत कलां निवासी सूरज कुमार उर्फ काला के घर में दाखिल होकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी।

जिसके बाद संगत पुलिस ने मृतक की पत्नी सरोज रानी के बयानों पर आरोपित गोबिंद सिंह, कुलविंदर सिंह निवासी संगत कलां जिला बठिंडा, बलदेव सिंह निवासी सकेरा जिला हनुमानगढ़ राजस्थान और प्रगट सिंह निवासी उभा जिला मानसा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

## आरोपित गोबिंद सिंह से था पुराना झगड़ा

मृतक की पत्नी के अनुसार बीती 13 मई को उसके पति के दोस्त लखविंदर सिंह निवासी संगत कलां, जसकरण सिंह निवासी मोहल्ला, जसकरण सिंह निवासी गांव जस्सी बागवाली उसके पति सूरज से मिलने के लिए उनके घर पर आए थे। जिनका आरोपित गोबिंद सिंह के साथ पुराना झगड़ा चल रहा है। 13 मई को आरोपित गोबिंद सिंह व उसके अन्य तीन साथी स्विफ्ट कार नंबर पीबी-03बीएल-3407 पर सवार होकर उसके घर के बाहर आए और उसके पति को गालियां निकलने लगे। जब उसका पति देखने के लिए घर से बाहर आने लगा, तो आरोपितों ने पिस्तौल से फायरिंग कर उसके पति की गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए।

## गिरफ्तारी के लिए जारी रही पुलिस की छापेमारी

**एसएसपी दीपक पारिक ने बताया कि उक्त मामले को सुलझाने के लिए एसपी (डी) अजय गांधी के नेतृत्व में डीएसपी (बठिंडा ग्रामीण) मंजीत सिंह, थाना संगत, रामा और सीआइए स्टाफ वन और टू की टीमें गठित की गई। पुलिस टीमों ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। मंगलवार को पुलिस टीम ने आरोपित गोबिंद सिंह निवासी संगत कलां और प्रगट सिंह निवासी गांव उभा जिला मानसा को गिरफ्तार कर उनके पास से वारदात में इस्तेमाल कार को बरामद किया गया, जबकि बाकी के दो आरोपित अभी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे है।**

## आरोपियों से जारी है पूछताछ

एसएसपी ने बताया कि आरोपित गोबिंद सिंह पर पंजाब के बठिंडा, मोगा, राजसथान और हरियाणा के विभिन्न थानों में 12 के करीब मामले दर्ज है, जबकि प्रगट सिंह पर एक नशा तस्करी का मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि आरोपित गोबिंद सिंह का मृतक के दोस्त लखविंदर सिंह के साथ पुराना झगड़ा है। फिलहाल आरोपितों को पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



# पंजाब में 16 और 17 को हीट वेव का अलर्ट

## चार डिग्री तक बढ़ सकता है तापमान, एडवाइजरी जारी

**जालंधर( जसवीर ):** पंजाब में अगले कुछ दिनों के लिए शुष्क मौसम रहने वाला है। इस कारण सूबे में 16 व 17 मई को हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। विभाग की मानें तो इस दौरान तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है। ऐसे में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

दक्षिण पंजाब के कुछ हिस्सों में तापमान 44 से 46 डिग्री और उत्तरी पंजाब के हिस्सों में 41-44 डिग्री तक तापमान रह सकता है। इस कारण हीट वेव चलेगी और लोगों को इससे बचने की सलाह दी गई है।

विभाग ने एडवाइजरी जारी करके कहा है कि लोग तेज धूप से बचें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। हल्के रंग के ढीले कपड़े पहने और सिर को कपड़े, टोपी और छतरी से ढक कर रखें। विभाग के अनुसार 4-5 दिन लगातार मौसम शुष्क रहेगा, जिसके चलते गर्मी बढ़ेगी। ये बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के लिए अधिक खतरनाक है, इसलिए उनको इससे विशेष रूप से बचने की जरूरत है। पिछले 24 घंटे के अंदर राज्य के कुछ स्थानों में बारिश के चलते तापमान में बदलाव जरूर देखने को मिला है।

बठिंडा में सबसे अधिक अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया है। इसी तरह पटियाला में 39 डिग्री, समराला में 39.1 व मोहाली में 37.7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। पिछले कुल एवरेज अधिकतम तापमान में 0.5 डिग्री तापमान में कमी आई है।



# तीन चुनाव में विरोध झेलने वाले अकाली दल को इस बार राहत, चुनावी शोर से गायब 'बेअदबी' का मामला

**जालंधर ( हिमांशु ):** पिछले तीन चुनाव में लोगों का सबसे ज्यादा विरोध झेल रहे शिरोमणि अकाली दल (बादल) के प्रत्याशियों को इस बार सबसे कम विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी को लेकर विधानसभा चुनाव 2017, लोकसभा चुनाव 2019 और विधानसभा चुनाव 2022 में पार्टी बुरी तरह से हार गई। हालात ऐसे बन गए कि 2007 और 2012 में लगातार दो बार सत्ता में काबिज होने वाली पार्टी आज मात्र तीन विधानसभा सीटों पर सिमटी हुई है।

चुनाव में बेअदबी का मुद्दा इतना गर्म नहीं

वोट बैंक भी 41 प्रतिशत से कम होकर 18 पर रह गया है। हालांकि इस बार बेअदबी का मुद्दा इतना गर्म नहीं है, जिस कारण विरोध कम है। पार्टी प्रधान सुखबीर बादल अपने पुराने पंथक वोट बैंक को वापस लाना चाहते हैं। इसके लिए वह पिछले दो माह से पंजाब बचाओ यात्रा कर रहे हैं।

इससे आंशिक रूप से सफलता जरूर मिली है, लेकिन पार्टी को जिस हिसाब से वोट बैंक की वापसी की तलाश है, वह अभी पूरी होती दिख रही।

सुखदेव सिंह ढींडसा, बीबी जगीर कौर सहित कई बड़े नेताओं के वापस आने से लग रहा था कि पार्टी वापसी करेगी, लेकिन संगरूर में परमिंदर सिंह ढींडसा को टिकट न देने और ढींडसा परिवार के किसी सदस्य को कोर कमेटी में शामिल न करने के कारण उनका ग्रुप अभी चुनाव में सक्रिय नहीं हुआ है। परमिंदर ढींडसा लहरागागा और सुनाम सीटों से विधानसभा चुनाव लड़ते रहे हैं।



### जनता का गुस्सा नजर आ रहा शांत

वे पिछले कुछ दिनों से यहां सक्रिय थे। अब जैसे ही इस सीट पर पूर्व विधायक इकबाल सिंह झूंदा का नाम तय हुआ है, वह निराश होकर धीरे-धीरे पीछे हट गए हैं। पार्टी को पूरी उम्मीद है कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी का मामला हो या नशे का, इस पर जनता का गुस्सा काफी हद तक शांत हो गया है।

इससे पार्टी के काडर की वापसी हो सकेगी। इन चुनाव में पार्टी का वोट बैंक निश्चित रूप से बढ़ेगा, लेकिन क्या यह वापसी वोट में बदल पाएगी, यह तो मतदान के बाद ही पता चलेगा। अभी तक जिस प्रकार से पार्टी की प्रचार मुहिम चल रही है, उसमें सुखबीर बादल अकेले ही लड़ते दिखाई दे रहे हैं।

### पार्टी को इस बार मिलेगा फायदा?

विरोध न होने के बावजूद गर्मी नहीं पकड़ पा रही पार्टी की मुहिम इस बार ज्यादा विरोध न होने के बावजूद अभी तक पार्टी की मुहिम गर्मी नहीं पकड़ पाई है। अधिकांश सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी दौड़ में भी दिखाई नहीं दे रहे। हालांकि पार्टी को इस बार यह भी उम्मीद है कि अगर कांग्रेस कुछ सीटों पर अच्छा करती है तो इसका फायदा उन्हें जरूर मिलेगा।

# कांग्रेस ने पंजाब में कैंपेन कमेटी का किया ऐलान, इन नेताओं के नाम शामिल



**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ):** कांग्रेस ने पंजाब में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कैंपेन कमेटी का ऐलान किया है. राणा कुंवर पाल सिंह को कैंपेन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है. सुखविंदर सिंह डैनी और हरदयाल सिंह कंबोज को को-चेयरमैन, पवन कुमार को सीनियर सीनियर वाइस चेयरमैन और जसबीर सिंह डिंपा को कनवेनर बनाया गया है. कांग्रेस अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब कांग्रेस कमेटी की प्रचार समिति के गठन के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है.

लोकसभा चुनाव को लेकर पंजाब में कैंपेन कमेटी में कांग्रेस के 35 नेताओं को जगह दी गई है. इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, मौजूदा विधायक और पूर्व विधायकों को भी जगह मिली है.

# चरणजीत चन्नी का आप पर विदेशों से फंडिंग का आरोप, कहा-आतंकी पन्नू के साथ है पार्टी के संबंध

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ):** पंजाब के पूर्व सीएम और जालंधर से कांग्रेस प्रत्याशी चरणजीत सिंह चन्नी ने आम आदमी पार्टी पर फंडिंग को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि आम आदमी पार्टी के लिंक खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के साथ हैं चन्नी ने कहा कि आम आदमी पार्टी को स्प्रींग करने के लिए विदेश से पैसा आता रहा है। केंद्र सरकार को इसकी जांच करवानी चाहिए कि इतना पैसा किस देश से आ रहा है और कैसे आ रहा है। अमेरिका में रह रहे खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दावा किया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 2014 से 2022 के बीच लगभग 134 करोड़ रुपये (16 मिलियन डालर) दिए गए थे। पन्नू ने कहा था कि खालिस्तान समर्थकों ने 1993 के दिल्ली बम धमाके के आरोपी देविन्दर पाल सिंह भुल्लर की रिहाई के एवज में यह राशि दी थी। इसको लेकर पंजाब में कांग्रेस व भाजपा हमलावर हो रही है।



# पंजाब में नौ सीटों पर पांच मंत्री और सात विधायकों की अग्निपरीक्षा, बढ़ी उपचुनाव की संभावना

**जालंधर ( संदीप मान ):** 2024 के लोकसभा चुनाव कई मायनों में लंबे अरसे तक याद रहेंगे। दलबदल, बगैर गठबंधन के दलों का अपने बलबूते चुनाव में उतरने के अलावा पंजाब में पहली बार पांच मंत्री और सात विधायक लोकसभा की चुनावी जंग में उतरे हैं।

इन विधायकों में सबसे ज्यादा आप के आठ विधायक (पांच कैबिनेट मंत्री) हैं, जबकि एक कांग्रेस विधायक को आप ने अपने पाले में लाकर चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने अपने तीन दिग्गज व तेज तर्रार विधायकों पर दांव खेला है। इतनी संख्या में विधायकों को चुनाव मैदान में उतारने के पीछे की रणनीति साफ है कि सभी पार्टियां मजबूत चेहरों के जरिये तगड़ी चुनौती देना चाहती हैं। ऐसे में विधायकों पर दांव खेलने में दलों ने जरा भी हिचक नहीं दिखाई है और दिग्गज विधायकों के मैदान में आने से पंजाब में उपचुनाव होने की संभावना बढ़ गई है।

पंजाब की नौ लोकसभा सीटों पर वर्तमान विधायक, चुनाव मैदान में हैं। रोचक पहलू यह है कि तीन सीटों संगरूर, लुधियाना और गुरदासपुर में वर्तमान विधायक आमने-सामने हैं। संगरूर से आप के विधायक व कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर के सामने कांग्रेस के तेज तर्रार नेता व विधायक सुखपाल सिंह खैरा चुनाव मैदान में हैं। लुधियाना से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और आप के विधायक अशोक पराशर पप्पी आमने सामने हैं। गुरदासपुर सीट से कांग्रेस के दिग्गज नेता व विधायक सुखजिंदर सिंह रंधावा को आप के विधायक अमनशेर सिंह चुनौती दे रहे हैं।

बठिंडा सीट से आप विधायक व कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, सांसद हरसिमरत कौर बादल के सामने मैदान में हैं। पटियाला से आप विधायक व कैबिनेट मंत्री डॉ. बलबीर सिंह, कांग्रेस के डॉ. धर्मवीर गांधी और भाजपा की परनीत कौर को टक्कर दे रहे हैं। अमृतसर से आप ने कुलदीप सिंह धालीवाल (कैबिनेट मंत्री), खडूर साहिब से कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, फिरोजपुर से आप विधायक जगदीप सिंह काका बराड़ चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के विधायक डा राज कुमार चब्बेवाल को आप ने होशियारपुर से उतारा है।

पंजाब की कुल 13 लोकसभा सीटों में से नौ पर 12 विधायक किस्मत आजमा रहे हैं। इन विधायकों में से कई चुनाव जीत सकते हैं और इस स्थिति में विधानसभा उपचुनाव होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है।



डॉ. बलबीर सिंह | गुरमीत सिंह मीत हेयर | गुरमीत सिंह खुड्डियां | कुलदीप सिंह धालीवाल | लालजीत सिंह भुल्लर




# इस बार टीम बदल कर मैदान में उतरे कई खिलाड़ी, अब डैमेज कंट्रोल करने की बारी

**जालंधर (दीपांशु चोपड़ा) :** पंजाब में 13 सीटों के लिए सभी राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी सीटों पर प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। इस बार किसी भी राजनीतिक दल का गठबंधन न होने के चलते अधिकतर सीटों पर मुकाबला चौकोना होने वाला है। कहीं-कहीं यह पांचकोणीय भी है।

## जालंधर का हाल

चुनाव से कुछ दिन पहले ही मोहिंदर सिंह केपी ने कांग्रेस को झटका देकर शिरोमणि अकाली दल का हाथ थाम लिया था। शिअद ने केपी पर भरोसा जताया और उनको जालंधर से उम्मीदवारी भी सौंप दी। वह तीन बार के विधायक हैं और राज्य में दो बार मंत्री भी रह चुके हैं। 2009 लोकसभा चुनाव में जालंधर से सांसद चुने गए थे, लेकिन 2014 में होशियारपुर से हार गए थे। इस बार जालंधर में उनका मुकाबला कांग्रेस के चरणजीत सिंह चन्नी, आम अदमी पार्टी के पवन कुमार टीनू और भाजपा के सुशील कुमार रिंकू से होगा। रिंकू व टीनू खुद पाला बदलकर इस बार चुनावी अखाड़े में उतरे हुए हैं। सुशील रिंकू चुनाव से पहले ही आप को अलविदा कहकर भाजपा में शामिल हो गए थे। यहां तक कि आप ने उनको जालंधर से अपना प्रत्याशी भी घोषित कर दिया था, लेकिन बावजूद इसके उन्होंने भाजपा में जाने का फैसला लिया और इसी सीट से ही भाजपा की उम्मीदवारी भी हासिल कर ली। इसी तरह वर्ष 2022 में अकाली दल से विधानसभा चुनाव लड़ने वाले पवन टीनू हाल ही में आप में शामिल हो गए थे और आप ने भी उनको जालंधर से ही चुनाव मैदान में उतार दिया था।

### परनीत व गांधी ने भी बदला पाला

कैप्टन अमरिंदर सिंह पत्नी सांसद परनीत कौर भी हाल ही में भाजपा में शामिल हो गई थीं, जिसके बाद ही पटियाला से भाजपा ने उनको अपना प्रत्याशी भी बना दिया था। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव उन्होंने पटियाला से ही कांग्रेस की ही सीट पर चुनाव जीता था। वहीं, परनीत के सामने कांग्रेस की तरफ से धर्मवीर गांधी चुनाव में उतरे हैं। गांधी ने वर्ष 2014 लोकसभा चुनाव आप से लड़ा था और जीत दर्ज की थी। वर्ष 2016 में उन्होंने आम आदमी पार्टी छोड़ दी थी। बाद में पंजाब फ्रंट और फिर नवां पंजाब पार्टी भी बनाई और अब वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे, जिसके बाद ही कांग्रेस ने उनको पटियाला से अपनी टिकट थमा दी थी। परनीत व गांधी पिछले चुनाव में भी आमने-सामने हो चुके हैं, इसलिए पटियाला सीट पर इस बार भी मुकाबला कड़ा रहने वाला है। पटियाला से आप से मंत्री डॉ. बलवीर सिंह सिद्धू और शिअद से एनके शर्मा चुनाव लड़ रहे हैं, जिसके चलते यहां मुकाबला और भी रोचक हो गया है।

**गुरप्रीत सिंह जीपी व बिट्टू ने भी बदली पार्टी :** पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी ने भी कांग्रेस में अनुशासन न होने का आरोप लगाकर पार्टी छोड़ दी थी। इसके बाद ही वह आप में शामिल हुए थे और आप ने उनको फतेहगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा है। जीपी वर्ष 2017 में बस्सी पठाना विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक चुने गए थे। इस लोकसभा चुनाव में फतेहगढ़ से उनका मुकाबला मौजूदा सांसद कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अमर सिंह, शिअद के बिक्रमजीत खालसा व भाजपा के गेजा राम वाल्मीकि से होगा। इसी तरह लुधियाना से मौजूदा सांसद रवनीत सिंह बिट्टू लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ गए थे। भाजपा ने लुधियाना से ही उनको अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। यही कारण है कि लुधियाना में भी इस बार मुकाबला रोचक रहने वाला है।

कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग खुद बिट्टू के खिलाफ चुनाव मैदान में उतर गए हैं। कांग्रेस से टिकट की घोषणा के साथ ही वड़िंग ने यहां तक कह दिया कि उनकी इस बार लड़ाई दलबदलुओं से है। लुधियाना में बिट्टू व वड़िंग का मुकाबला शिअद के रणजीत सिंह और आप के अशोक पराशर पप्पी से होगा। पप्पी लुधियाना सेंट्रल हलके से विधायक हैं।




## चब्बेवाल, यामिनी व मन्ना भी लिस्ट में

दूसरी पार्टी से चुनाव लड़ने वालों की लिस्ट में डॉ. राजुकुमार चब्बेवाल, मनजीत सिंह मियाविंड और यामिनी गोमर का नाम भी शामिल हैं। डॉ. राजकुमार चब्बेवाल चुनाव से पहले ही कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं और पार्टी ने उन्हें होशियारपुर से अपना प्रत्याशी भी बना दिया।

उन्होंने पिछला चुनाव कांग्रेस की टिकट पर होशियारपुर से ही लड़ा था, लेकिन वह भाजपा के सोमप्रकाश से हार गए थे। 2022 में विधानसभा चुनाव में वह चब्बेवाल हलके से जीत दर्ज करके विधानसभा पहुंचे थे। इस बार उनका मुकाबला भाजपा से केंद्रीय मंत्री सोमप्रकाश की पत्नी अनिता सोमप्रकाश, शिअद के सोहन सिंह ठंडल और कांग्रेस से यामिनी गोमर से होगा।

गोमर ने 2014 लोकसभा चुनाव इसी सीट पर आप से लड़ा था, लेकिन वर्ष 2016 में वह आप छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गई थी। इसी तरह खडूर साहिब से भाजपा प्रत्याशी मनजीत मन्ना मियाविंड का शिअद से नाता रहा है, लेकिन गत वर्ष उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया था। एक पंथक छवि होने के चलते भाजपा ने उनको चुनाव मैदान में उतारा है, क्योंकि इस सीट पर उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक कुलबीर जीरा, आप प्रत्याशी मंत्री लालजीत भुल्लर, शिअद प्रत्याशी टकसाली नेता व पूर्व विधायक विरसा सिंह वल्टोहा और वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह से होगा। यही कारण है कि इस सीट पर भी चुनावी नतीजे दिलचस्प रहने वाले हैं, क्योंकि शिअद अमृतसर ने भी अमृतपाल को अपना समर्थन देने का फैसला लिया है और इस सीट पर उन्होंने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है।

## ये नेता भी चुनाव के दौरान इधर से उधर गए

कई नेता ऐसे हैं, जो चुनाव के दौरान पार्टी बदलकर इधर से उधर चले गए हैं। रविवार को ही बैंस ब्रदर्स बलविंदर सिंह बैंस और सिमरजीत सिंह बैंस कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

इसी तरह संगरूर सीट पर टिकट कटने से नाराज पूर्व विधायक दलवीर सिंह गोल्डी भी कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए थे। कांग्रेस ने इस सीट पर विधायक सुखपाल खैरा को चुनाव मैदान में उतारा था, जिसके चलते ही पार्टी से गोल्डी की नाराजगी चल रही थी। इसी तरह जालंधर से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को टिकट मिलने के चलते पूर्व सांसद स्वर्गीय संतोख सिंह चौधरी की पत्नी करमजीत कौर ने भी भाजपा का दामन थामने का फैसला लिया।

इसके बाद ही कांग्रेस ने उनके बेटे विधायक विक्रमजीत सिंह पार्टी विरोधी गतिविधियां का हवाला देकर पार्टी से निलंबित कर दिया था। इसी तरह विजय सांपला के करीबी रिश्तेदार रॉबिन सांपला ने भी भाजपा छोड़कर आप का दामन थाम लिया था।







